# Press Coverage of Research Cell activities

# के.एम.वी. ने 5 रिसर्च प्रोजैक्ट्स के लिए अध्यापकों तथा छात्राओं को बांटी सीड मनी

**● शोध कार्यों को उत्साहित करने के लिए एक शानदार पहल**



रिसर्च प्रोजैक्ट्स प्राप्त करने वाले अध्यापकों के साथ शामिल विद्यालय प्रिंसीपल प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी। (संदीप)

जालंधर, 2 जनवरी (कुश): कन्या महाविद्यालय अध्यापकों तथा छात्राओं के गुणात्मक शोध के द्वारा बौद्धिक विकास के लिए सदा प्रतिबद्ध है। शोध कार्यों को अध्यापकों एवं छात्राओं में और अधिक प्रफुल्लित करने के एक और प्रयत्न के तहत के.एम.वी. द्वारा विद्यालय फंड में से 5 विभागों को 20,000 रुपए प्रत्येक की सीड मनी बांटी गई। रिसर्च प्रोजैक्ट्स प्राप्त करने वाले अध्यापकों में से फिजिकल एजुकेशन विभाग से डा. देवेंद्र सिंह, फिजिक्स विभाग से डा. नीतू चोपड़ा तथा डा. सुरभि शर्मा, ज्योलॉजी विभाग से डा. नलिनी सिंह चौहान, डा. मनदीप कौर, डा. प्रभा तथा डा. अर्चना सैनी के साथ-साथ बायोटैक्नोलॉजी विभाग से डा. गुरप्रीत कौर ग्रेवाल और बॉटनी विभाग से श्रीमती दीपिका विशिष्ट के नाम शुमार हैं।

विद्यालय प्रिंसीपल प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने रिसर्च प्रोजैक्ट्स प्राप्त करने वाले सभी अध्यापकों तथा छात्राओं को मुबारकबाद देते हुए विद्यालय के रिसर्च सेल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में शोध कार्य को प्रफुल्लित करने के लिए किए जाते प्रयत्नों की सराहना की और कहा कि ऐसे शोध कार्यों में अध्यापकों की सहभागिता जहां उनके ज्ञान के दायरे को और अधिक विशाल करने में सहायक साबित होती है वहीं साथ ही उनके द्वारा छात्राओं को प्रदान की गई शिक्षा उनके सर्वपक्षीय विकास में सहायक साबित होगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कन्या महाविद्यालय द्वारा छात्राओं के अकादमिक विकास के मद्देनजर शोध पर आधारित गतिविधियों के आयोजन को पहल दी जाती रहती है तथा समय समय पर विद्यालय द्वारा विभिन्न अध्यापकों और छात्राओं को उनके रिसर्च प्रोजैक्ट्स के लिए सीड मनी जारी की जा चुकी है।

**Online Research forum organised**

Harjinder Kaur were also present on the occasion.

## ONLINE RESEARCH FORUM ORGANISED

Kanya Maha Vidyalaya, in collaboration with Institute's Innovation Council, organised a research forum. In this forum, Dr Kuldeep Singh Nagla, former Head and Associate Prof, Department of Instrumentation and Control Engineering, Dr BR Ambedkar National Institute of Technology, was the resource person. Dr Nagla delivered a talk on Introduction to Intellectual Property Rights. Principal Prof Dr Atima Sharma Dwivedi stressed that participation in research activities and listening to the expert talks act as a big motivation for all the academicians. Referring to the 12 IPRs acquired recently by KMV, she affirms that the KMV faculty has potential to do wonders in research. Dr Kuldip Singh Nagla explained the Indian patent system and its requirements and also discussed the concepts of patent, design, copyrights and trademark. He stressed that it is important to identify what actually qualify for a new invention for registration.

**Encourage to teachers for Research work**

# केएमवी में अध्यापकों को रिसर्च के लिए प्रेरित किया

जासं, जालंधर : केएमवी के रिसर्च सेल की तरफ से रिसर्च फोरम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य अध्यापकों को रिसर्च के लिए उत्साहित करना और उनमें शोध पर आधारित सोच को पैदा करना था। फोरम में कामर्स विभाग की अध्यक्ष डा. नीरज मैनी और डा. सबिना बत्तरा ने अध्यापकों द्वारा रिसर्च के क्षेत्र में दिए गए योगदान के बारे में बताया। नमिता कालड़ा ने डाटा एनालिसिस में स्टेटिस्टिकल पैकेज फार द सोशल साइंस (एसपीएस) साफ्टवेयर का महत्व बताया। प्रिंसिपल प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने इस फोरम को आयोजित करने के लिए रिसर्च सेल द्वारा किए गए प्रयास को सराहा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन अध्यापकों को कुछ नया सीखने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा मुकाबले के युग में प्रत्येक अध्यापक के लिए रिसर्च पर आधारित गतिविधियों में भाग लेना जरूरी है, तभी वे आगे विद्यार्थियों को शोध के प्रति उत्साहित कर सकेंगे।



प्रिंसिपल प्रो. अतिमा शर्मा • विज्ञप्ति

# Achievements of Research Cell

## केएमवी के रिसर्च सैल की उपलब्धियां बताई

जालंधर, 9 नवंबर (कुश) : केएमवी के पोस्ट ग्रैजुएट डिपार्टमैंट ऑफ कॉमर्स एंड बिजनैस एडमिनिस्ट्रेशन की रिसर्च प्रोफाइल को सभी के साथ साझा किया गया। शोध के क्षेत्र में केएमवी के अध्यापकों द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों से अवगत करवाते हुए इस फोरम में डा. नीरज मैनी, अध्यक्ष कॉमर्स विभाग तथा डा. सबिना बत्रा ने विभाग के अध्यापकों द्वारा रिसर्च के क्षेत्र में डाले गए योगदान के बारे में सभी को जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही एस.पी.एस.एस. सॉफ्टवेयर विषय पर एक एक्सपर्ट टॉक का भी आयोजन किया गया जिसमें नमिता कालरा कॉमर्स विभाग कन्या महाविद्यालय ने स्रोत वक्ता के रूप में इस सॉफ्टवेयर के महत्व पर प्रकाश डाला। डाटा एनालिसिस में एस.पी.एस.एस. सॉफ्टवेयर के महत्व को बयान करने के साथ-साथ उन्होंने डाटा को इकट्ठा करने तथा इसको मैनेज करने में सॉफ्टवेयर की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार सहित बात की। इसके अलावा उन्होंने रिसर्च प्रॉब्लम के अनुसार डाटा की विभिन्न किस्मों के बारे में भी जानकारी प्रदान की। विद्यालय प्रिंसीपल प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी ने इस फोरम को आयोजित करने के लिए रिसर्च सैल, आई.क्यू.ए.सी. के द्वारा किए गए प्रयत्नों की प्रशंसा की।




वक्ताओं के साथ बातचीत करते प्रिंसीपल प्रो. अतिमा शर्मा द्विवेदी। (संदीप)